# NEWS

# PUNJAB KESARI

**DATE:- 20 JANUARY 2017**

## सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर निकाली रैली



सड़क सुरक्षा पर रैली निकालते छात्र।

यमुनानगर, 19 जनवरी (का.प्र.): राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा तथा हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सढौरा में सड़क सुरक्षा सप्ताह के सम्बन्ध में एक रैली का आयोजन किया जिसमें आपदा प्रबंधन के अनुसंधान अधिकारी गुरकरण सिंह व स्टाफ तथा 150 छात्रों ने भाग लिया। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि यह रैली राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सढौरा के प्रांगण से चलकर सढौरा के मुख्य बाजार से होकर वापस आई तथा इस रैली का मुख्य उद्देश्य यातायात सम्बन्धी सूचना तथा सड़क सम्बन्धी सूचना व सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों के बारे में जागरूक करना था।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि 18 जनवरी को बाद दोपहर बाल कुंज छछरौली में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा तथा हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान ड्राईंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 133 बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 2 वर्गों में करवाई गई। सीनियर विंग में शालु ने प्रथम, गुलशन द्वितीय व आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर विंग में राकेश ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय व सहसता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जागरण सिटी यमुना नगर :-24.3.17

## सक्षम योजना के तहत दिया गया प्रशिक्षण

सादौरा : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सक्षम योजना के तहत स्किल एकेडमी गुरुग्राम द्वारा बीपीएल परिवार से संबंधित छात्रों को विभिन्न व्यवसायों जैसे कि वेल्डर, फिटर व इलेक्ट्रीशियन में नब्बे घंटे का फ्री स्पेशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान के प्राचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण 31 मार्च तक दिया जाएगा। प्रशिक्षण में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बीपीएल छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इस प्रशिक्षण में थ्योरी एवं प्रेक्टिकल विषयों पर स्किल विकास के प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि युवा रोजगार पाने के अलावा स्वरोजगार के भी निपुण हो सके। इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के उपरांत स्कील एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम के द्वारा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# यमुना नगर केसरी

## दिनांक :—27.3.2017

सोमवार MONDAY 27 मार्च 2017

### खबरनामा

### आई.टी.आई. साढौरा में ग्रामीण युवतियों के लिए चलाया शॉर्ट टर्म कोर्स



प्रशिक्षण लेती छात्राएं।

यमुनानगर, 26 मार्च (का.प्र.): आई.टी.आई. साढौरा में शॉर्ट टर्म कोर्स का आरंभ किया गया है। यह कोर्स महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से सबला स्कीम के तहत स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों को कटाई, सिलाई व्यवसाय में 200 घंटों का कोर्स करवाया जा रहा है। यह प्रशिक्षण उन्हें नि:शुल्क रूप से दिया जा रहा है। संस्थान प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार ने बताया कि ग्रामीण युवतियों के व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह के कोर्सों को चलाया जाता है। इस कोर्स में थ्योरी एवं प्रैक्टिकल विषयों पर स्किल कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोर्स समापन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# अमर उजाला, यमुनानगर

## दिनांक— 11 मई, 2017

### यूथ एगेंस्ट सेक्सुअल हरासमेंट के बारे युवाओं को किया जागरूक

अमर उजाला ब्यूरो

यमुनानगर।

पुलिस विभाग की ओर से यूथ एगेंस्ट सेक्सुअल हरासमेंट के बारे युवाओं को जागरूक करने के लिए यस पोर्टल लांच किया गया है।

थाना साढौरा के इंचार्ज सुनील कुमार ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साढौरा में छात्र-छात्राओं के अलावा अधिकारियों व कर्मचारियों को यूथ एगेंस्ट सेक्सुअल हरासमेंट बारे बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हो रही महिलाओं से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए पुलिस विभाग द्वारा चलाई जा रही फ्लैगशिप कार्यक्रम वाईएएसएच (यौन उत्पीड़न के विरोध में नौजवानों को जोड़ना) के तहत युवाओं को सोशल मीडिया द्वारा ऑनलाइन जुड़ने तथा यौन उत्पीड़न संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए समय-समय पर सोशल मीडिया द्वारा यौन उत्पीड़न के बारे जानकारी देने हेतु प्रेरित किया जाता है। ताकि समाज में बढ़ते अपराधों की संख्या को कम की जा सके।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साढौरा में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को जागरूक करते थाना साढौरा इंचार्ज सुनील कुमार।

सुनील कुमार ने कहा कि वर्तमान में मल्टीमीडिया व मोबाइल द्वारा गलत वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया जाता है, जो दंडनीय अपराध है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह मल्टीमीडिया व मोबाइल आदि का प्रयोग सकारात्मक कार्यों के लिए ही करें। इस दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, कार्यालय अधीक्षक सुधीर यशमदान व संस्थान के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दैनिक भास्कर :- 16.12.17

## आईटीआई में लगाया स्वच्छता जागरुकता शिविर, बताए सफाई के फायदे

साढ़ौरा | राजकीय आईटीआई साढ़ौरा में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय से राजेश सैनी, ब्लॉक कॉर्डिनेटर द्वारा स्वच्छता जागरुकता के संबंध में संस्थान के छात्र-छात्राओं को अवगत करवाया। इसके तहत उन्होंने शौचालय निर्माण व इसके प्रयोग के ऊपर विशेष जानकारी दी कि हमें खुले में शौच न जाकर, बल्कि घर में ही शौचालय बनवाकर उसका प्रयोग करना चाहिए। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा कूड़ा-कर्कट प्रबंधन के बारे में बताया। जिसमें पॉलीथिन से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार व अन्य सभी स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। साथ ही प्रधानाचार्य द्वारा खंड विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम की सराहना की।

# दैनिक जागरण

पानीपत, बुधवार, 20 जून 2018

## विद्यार्थियों को कराया योगाभ्यास

संस, साढ़ौरा : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आइटीआइ के विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा ने बताया कि यह योग शिविर केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय व हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इस योग शिविर में आयुष योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को योग अभ्यास करवाया। यह शिविर प्रातःकाल छात्रों के लिए तथा सायंकाल छात्राओं के लिए आयोजित हो रहा है। योग प्रशिक्षक दीपक कुमार आदि थे।

यमुनानगर भास्कर

रादौर · साढौरा · सरस्वतीनगर छछरौली · बिलासपुर · खिज़राबाद

# नॉन इंजीनियरिंग स्किल एक्जिबिशन में यमुनानगर आईटीआई और इंजीनियरिंग स्किल में साढौरा आईटीआई की टीम अव्वल



---

अमर उजाला शुक्रवार • 30.08.2019

# साढौरा आईटीआई का स्ट्राइव प्रोजेक्ट में चयन

## ओवरऑल ग्रेडिंग के दौरान किए गए बेहतर प्रदर्शन के कारण मिला पहला स्थान, वर्ल्ड बैंक से मिलेंगे एक करोड़ 35 लाख रुपये

माई सिटी रिपोर्टर

साढौरा। कस्बा आईटीआई का केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई स्ट्राइव प्रोजेक्ट में चयन हुआ है जिसमें उन्हें वर्ल्ड बैंक से एक करोड़ 35 लाख की राशि प्रदान होगी। ओवरऑल ग्रेडिंग के दौरान किए गए बेहतर प्रदर्शन व संस्थान के ओवरऑल शैक्षणिक प्रदर्शन के कारण आईटीआई का इस प्रोजेक्ट के लिए चयन हुआ है। संस्थान इस राशि को विभिन्न व्यवसाय के इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुधार के संस्थान के संपूर्ण विकास पर खर्च करेगा। वर्तमान में राजकीय आईटीआई में एनसीवीटी में कुल 15 व्यवसाय चल रहे हैं। इसके अतिरिक्त संस्थान में इस सत्र फाइनेंस एक्जीक्यूटिव का नया कोर्स चला है।

**1500 विद्यार्थी ले रहे ट्रेनिंग :** इस आईटीआई में अनेक कोर्स चल रहे हैं। इस सत्र भी करीब 400 से अधिक नए दाखिले हुए। इसके बनने से कस्बा के अलावा अन्य जगहों के युवाओं को लाभ मिल रहा है। मौजूदा समय में यहां करीब 1500 विद्यार्थी हैं।



साढौरा की आईटीआई का बाहरी दृश्य। - अमर उजाला

### क्या है स्ट्राइव प्रोजेक्ट

केंद्र सरकार ने साल 2017 में आईटीआई के प्रदर्शन सुधारने के लिए स्किल स्ट्रेंथनिंग फॉर इंडस्ट्रियल वैल्यू एनहेन्समेंट यानी स्ट्राइव योजना शुरू की थी। इसके तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाली आईटीआई को इन्सेंटिव दिया जाता है। इसका मुख्य मकसद स्किल इंडिया मिशन को रफ्तार देना और एमएसएमई में अप्रेंटिसशिप को प्रोत्साहित करना है। केंद्र सरकार की स्ट्राइव 2200 करोड़ रुपये की योजना है। इसकी आधी राशि वर्ल्ड बैंक द्वारा दी जा रही है।

### पूरे भारत में आया था सातवां स्थान

प्रिंसिपल अश्वनी कुमार ने बताया कि 2018 में दिल्ली के हेरिटेज भवन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रोग्राम में साढौरा आईटीआई को पूरे भारत में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर सातवां व हरियाणा में पहला स्थान प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि आईटीआई में तकनीकी रूप से विद्यार्थियों को पूरी सुविधाएं दी जा रही हैं। वहीं समय-समय पर विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए कैंपस ड्राइव के साथ सभी पहलुओं पर जागरूकता की जाती है। उन्होंने कहा कि हम अपने प्रयास ऐसे ही जारी रखते हुए आईटीआई को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। हमारा लक्ष्य देश के सर्वोत्तम संस्थानों में से एक बनाना है ताकि कस्बे तथा आसपास क्षेत्र के युवाओं को उनके बेहतर व उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रशिक्षण व रोजगार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।



प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा।

पानीपत, शुक्रवार, 30 अगस्त 2019

जागरण सिटी

## आइटीआइ को वर्ल्ड बैंक से मिलेंगे 1.35 करोड़

संस, साढौरा : स्ट्राइव प्रोजेक्ट के तहत आइटीआइ को वर्ल्ड बैंक से एक करोड़ 35 लाख रुपये मिलेंगे। केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की ओर से इस संस्थान को ग्रांट के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत देश की 314 आइटीआइ को ग्रांट दी जाएगी। इनमें से प्रदेश की 17 शामिल हैं, लेकिन जिला की एकमात्र साढौरा की है, जिसे यह ग्रांट पाने का गौरव प्राप्त हुआ है। इससे पहले इसको समस्त भारत में सातवें स्थान पर आने का गौरव प्राप्त हो चुका है। इस उपलब्धि के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आइटीआइ के प्रिंसिपल अश्वनी को दिल्ली में सम्मानित किया था।

दैनिक भास्कर | पानीपत, शुक्रवार 30 अगस्त, 2019

## साढौरा आईटीआई को विश्व बैंक से मिलेगी ₹1.35 करोड़ की ग्रांट

### स्ट्राइव प्रोजेक्ट के तहत मिलेगी सहायता

भास्कर न्यूज | साढौरा

स्ट्राइव प्रोजेक्ट के तहत आईटीआई को विश्व बैंक से एक करोड़ 35 लाख की ग्रांट मिलेगी। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा इस ग्रांट के लिए साढौरा आईटीआई का चयन किया गया है। प्रिंसिपल अश्वनी कुमार, स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने इस ग्रांट के मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया है।

प्रिंसिपल अश्वनी ने बताया कि इस योजना के तहत देश की 314 आईटीआई को ग्रांट दी जाएगी। इनमें से प्रदेश की 17 आईटीआई शामिल है लेकिन जिला यमुनानगर में एकमात्र साढौरा की आईटीआई को यह ग्रांट पाने का गौरव प्राप्त हुआ है। इससे पहले इस आईटीआई को समस्त भारत में सातवें स्थान पर आने का गौरव प्राप्त हो चुका है। इस उपलब्धि के लिए केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा आईटीआई के प्रिंसिपल अश्वनी कुमार को दिल्ली में सम्मानित किया गया था। अश्वनी शर्मा ने बताया कि वर्तमान में उनके संस्थान में [illegible] प्रतिनिधि का नया कोर्स भी शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 35 लाख की ग्रांट मिलने पर आईटीआई में चल रहे प्रशिक्षण के लिए आवश्यक ढांचे का आधुनिकीकरण किया जाएगा।